पंजाब केसरी 06-12-2025

# लैंगिक समानता और जागरुकता के लिए चलाया सोशल मीडिया अभियान

## समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बना मीडिया : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 5 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के जनसंचार विभाग ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने एवं समाज में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से एक अनूठा और प्रभावशाली सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। इस पहल में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज के युग में मीडिया समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। लैंगिक समानता एक ऐसा विषय है, जिसे लेकर समाज को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। हमारे कॉलेज ने इस मंच को इसलिए चुना, ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक यह संदेश पहुंचे। हमें गर्व है कि इस अभियान में न केवल हमारे कॉलेज के, बल्कि अन्य संस्थानों के छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। यह दिखाता है कि युवाओं में इस मुद्दे को लेकर जागरुकता और उत्साह है।

*जी.एम.एन. कॉलेज में लैंगिक समानता और जागरुकता के लिए चलाए गए सोशल मीडिया अभियान के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।* (देवदत्त)

जनसंचार विभाग की सहायक प्रोफैसर सुषमा शर्मा ने कहा कि छात्रों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से हमने सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान की सफलता इस बात से सिद्ध होती है कि बड़ी संख्या में बाहरी छात्रों ने भी अपने वीडियो और विचार जी.एम.एन. कॉलेज को भेजे। इस पहल ने छात्रों को न केवल लैंगिक समानता के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें अपनी आवाज़ उठाने का एक मंच भी प्रदान किया। सोशल मीडिया पर इस अभियान को व्यापक स्तर पर देखा और सराहा गया। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डा. चंद्रपाल पूनिया ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज इस तरह के अभियानों को भविष्य में भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

इस अभियान के अंतर्गत 'जैंडर जस्टिस जी.एम.एन.' नामक हैशटैग अभियान शुरू किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे वीडियो बनाए, जिनमें उन्होंने लैंगिक समानता, अधिकारों और समाज में लैंगिक आधारित भेदभाव के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए। इन वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सांझा किया गया। इस अभियान में जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ अन्य कॉलेजों के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अलग-अलग पृष्ठभूमियों और विचारधाराओं से जुड़े छात्रों ने अपने वीडियो और संदेशों के माध्यम से इस मुद्दे पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। इन वीडियो को जी.एम.एन. कॉलेज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर प्रदर्शित किया गया, जिसे व्यापक दर्शकों द्वारा सराहा गया।